an>

Title: Need to link Prayagraj in Uttar Pradesh with upcoming Defence Industrial Corridor in Uttar Pradesh -laid.

प्रो. रीता बहुगुणा जोशी (इलाहाबाद): मैं माननीय भारी उद्योग मंत्री का ध्यान अपने क्षेत्र प्रयागराज की ओर आकृष्ट करना चाहूंगी । मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा 21 फरवरी, 2018 को उत्तर प्रदेश में आयोजित इंवेस्टर समिट में एक डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर की घोषणा की थी ।

यह कारिडोर अलीगढ़ से शुरू होकर आगरा, झांसी, चित्रकूट, कानपुर होते हुए लखनऊपहुंचेगा ।

इलाहाबाद में नैनी किसी समय एक महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र के रूप में उभरा परन्तु अनेक कारणों से त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड नैनी, स्वदेशी कॉटन मिल, मेजा कताई मिल जैसी एक के बाद एक कम्पनियां बंद होती चली गयीं । नैनी की सीमाएं जिला चित्रकूट से जुड़ती हैं तथा वहां की भौगोलिक परिस्थितियां भी काफी हद तक बुंदेलखण्ड के समान हैं । नैनी क्षेत्र में केन्द्रीय एवं प्रदेश के जो सार्वजनिक प्रतिष्ठान हैं उनमें त्रिवेणी स्ट्रक्चरल, स्पिनिंग मिल मेजा और कॉटन मिल नैनी में लगभग **350** एकड़ भूमि अनउपयोगी पड़ी हुई है तथा इनके प्रांगण के चार दीवारी में कार्यशालाएं, दफ्तर व कर्मचारी आवास भी उपलब्ध है ।

मेरी पुरजोर मांग है कि इन सरकारी सुविधाओं के मद्देनजर प्रयागराज को डिफेंस कारिडोर से जोड़ा जाए ताकि यहां की गिरती हुई अर्थव्यवस्था एवं बेरोजगारी को दूर किया जा सके ।